# अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
# बाढ़ नियंत्रण अंचल, भागलपुर।

(E-Mail id- sefloodbgp@gmail.com)

## प्रेस विज्ञप्ति

श्री मनोज कुमार चौधरी, निलंबित कार्यालय परिचारी, बाढ़ नियंत्रण अंचल, भागलपुर स्थायी पता– पिता– स्व० राम प्रवेश चौधरी, ग्राम–भीखाचक, पो0–अनीसाबाद, थाना– गर्दनीबाद, जिला–पटना, पिन–800001 का निलंबन अवधि में अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, भागलपुर के कार्यालय में मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

श्री मनोज कुमार चौधरी, निलंबित कार्यालय परिचारी दिनांक–22.02.2024 को दिनांक–23.02.2024 से 29.02.2024 तक का आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर अपने मुख्यालय से बाहर चले गये है। श्री चौधरी के कार्यालय में वापस नहीं लौटने पर इस कार्यालय के पत्रांक–215 दिनांक–13.03.2024, पत्रांक–281 दिनांक–05.04.2024, पत्रांक–541 दि0–08.06.2024, पत्रांक–604 दि0–24.06.2024, पत्रांक–690 दि0–16.07.2024, पत्रांक–999 दिनांक–28.10.2024 एवं पत्रांक–1081 दिनांक–30.11.2024 द्वारा उन्हे मुख्यालय (कार्यालय) में वापस लौटने हेतु उनके सेवापुस्त में अंकित स्थायी आवासीय पते पर बार–बार निबंधित डाक के माध्यम से पत्र भेजा गया। परन्तु उक्त पत्र, बिना तामिला हुए डाक विभाग द्वारा वापस हो गया। तत्पश्चात श्री चौधरी के स्थायी आवासीय पते पर उनसे सम्पर्क करने हेतू विशेषदूत भेजा गया। विशेषदूत द्वारा इस कार्यालय को सूचित किया गया है कि श्री चौधरी के उक्त आवास पर वे एवं उनके परिवार का कोई सदस्य उपस्थित नही था एवं उक्त आवास में ताला बन्द था।

इस परिप्रेक्ष्य में श्री मनोज कुमार चौधरी, निलंबित कार्यालय परिचारी (निलंबन अवधि में निर्धारित मुख्यालय बाढ़ नियंत्रण अचंल, भागलपुर ) स्थायी पता– पिता– स्व0 राम प्रवेश चौधरी, ग्राम–भीखाचक, पो0–अनीसाबाद, थाना–गर्दनीबाद, जिला–पटना, पिन–800001 को इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे अविलम्ब अपने निर्धारित मुख्यालय, बाढ़ नियंत्रण अचंल, भागलपुर के कार्यालय में उपस्थित हों।

विश्वासभाजन

02/5/25

(इं0 संजीव शैलेश)
अधीक्षण अभियंता
बाढ़ नियंत्रण अंचल, भागलपुर।

Scanned with OKEN Scanner